www.summerexpress.in

समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 5:20 बजे
सूर्यास्त शाम 7:24 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-285 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • शनिवार 20, जून 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु

चंडीगढ़ में समर न्यूज़ समूह की तरफ से आयोजित किया गया कार्यक्रम, आयोजन में पंजाब के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, सांसद कंग और कई अन्य हस्तियों ने रखे अपने विचार

राइजिंग पंजाब समिटः सीएम मान ने खींचा विकास का खाका

राजिंग पंजाब समिट में राज्य के विकास, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और आर्थिक प्रगति पर मंथन





समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के विकास, निवेश, स्वास्थ्य सेवाओं, महिला सशक्तीकरण और आर्थिक सुधारों को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित राइजिंग पंजाब समिट में राज्य के प्रमुख राजनीतिक और प्रशासनिक नेतृत्व ने भाग लिया।

इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह, सांसद मलविंदर सिंह कंग, विधायक मदन लाल बग्गा, विधायक राजेश पराशर पप्पी और पंजाब महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल सहित कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं।

इस अवसर पर पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत ने समर न्यूज समूह के अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र का लोकार्पण करते हुए पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताया। समिट को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए उनकी सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पारदर्शी नीतियां लागू की गई हैं, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

उन्होंने कहा मेरा हरा पेन हमेशा पंजाब और पंजाबियों की तरक्की के लिए चला है। हमारी सरकार ने इन चार सालों में युवाओं को 67,550 से अधिक नौकरियां प्रदान कीं।

आप सरकार में एक एक घर से तीन तीन लोगों को नौकरियां मिलीं। हमारी सरकार के कार्यकाल में पंजाब में लगवाई गई इंडस्ट्री ने 5 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए हैं। उन्होंने कहा मैने आठ साल एमपी रहते हुए एक विद्यार्थी की तरह हर सिस्टम को सीखा और फिर उसे पंजाब के हक के लिए प्रयोग किया।

मैं मिशन ते हां, कमीशन ते नहींः मान

मुख्यमंत्री ने पंजाबी में कहा, मैं मिशन ते हां, कमीशन ते नहीं। समिट में उन्होंने ग्रुप एडिटर अर्शदीप सिंह समर के यह पूछने पर कि सीएम रहते हुए आपको कौन सा कार्य करके सबसे खुशी का अनुभव हुआ, कहा कि पंजाब में एसटीएफ का गठन करके उन्हें सबसे अधिक प्रसन्नता हुई। हमने पीएपी से 5000 जवानों को प्रशिक्षण दे कर एसएसएफ पुलिस बनाई। आज एसटीएफ के पास 142 टयोटा हैलेक्स गाडियां हैं। इनका 5.20 सेकेंड का रिस्पॉन्स टाइम है। इन्होंने सड़क पर मौतों को कम किया। दुर्घटनाओं में गुम हुए लोगों के बहुमूल्य जेवतरात भी वापस किए। गडकरी जी ने भी इस कार्य की तारीफ की। हमने पांच राज्यों को इस कार्य का प्रशिक्षण भी दिया। लोगों को रोजगार दिया। सरकार ने सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई। हमने लोगों को कहा वीडियो बनाओ। बाकी काम हम कर लेंगे। तहसीलों में भ्रष्टाचार रोकने के लिए एफिडेविट की भाषा ही बदल कर असान कर दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल विकास परियोजनाओं को लागू करना नहीं, बल्कि आम लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जा रहा है। इसी सोच से पंजाब को प्रगतिशील राज्य बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को प्राथमिकताः चीमा

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने अपने संबोधन में पंजाब की आर्थिक स्थिति और राजस्व सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को प्राथमिकता दे रही है। कर संग्रहण में सुधार, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और राजस्व बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास कार्यों के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराना और जनता के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित करना है।

एआई आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावाः डॉ. बलबीर

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि पंजाब स्वास्थ्य क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर बड़े सरकारी अस्पतालों तक स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाया जा रहा है ताकि लोगों को बेहतर और सुलभ इलाज मिल सके। महिलाओं के उत्थान के लिए मांवां धीयां स्कीम के तहत किश्त भी जल्द ही जारी कर दी जाएगी।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहाः कंग

सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि पंजाब के युवाओं में अपार प्रतिभा है और सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

उन्होंने पंजाब के उज्ज्वल भविष्य पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। पंजाब में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार अलग-अलग जगहों पर आयोजन कर रही है। आप सरकार में नहरी पानी से सिंचाई का रकबा 21 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत तक हो गया है।

महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देना सरकार की प्राथमिकताः गिल

महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल ने महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। समाज में महिलाओं को आज बाहर से ज्यादा घर के अंदर से ज्यादतियों का सामना करना पड़ रहा है। हम हर समय महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने आधुनिक तकनीक और एआई की मदद से युवतियों के किए जा रहे शोषण को भी प्रमुखता से उठाया। शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं लागू की जा रही हैं। महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज और राज्य का समग्र विकास संभव नहीं है।

विधायक बग्गा और पप्पी ने भी साझा किए विचार

: समिट में लुधियाना से विधायक मदन लाल बग्गा ने शहरी विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि शहरों में कई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं विधायक राजेश पराशर पप्पी ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों, सड़क नेटवर्क और जनसुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार की पहलों की सराहना की। समिट के दौरान विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए। निवेश, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल गवर्नेंस, महिला सशक्तीकरण और रोजगार सृजन जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। वक्ताओं ने पंजाब को निवेश और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि पंजाब के विकास की यात्रा को और गति देने के लिए सरकार, उद्योग जगत, सामाजिक संगठनों और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। राइजिंग पंजाब समिट ने राज्य के भविष्य के लिए नई संभावनाओं और विकास की नई दिशा को लेकर सकारात्मक संदेश दिया।

सीएम ने किया समर एक्सप्रेस के अंग्रेजी संस्करण का लोकार्पण



समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान ने राइजिंग पंजाब समिट 2026 के दौरान अंग्रेजी भाषा के प्रथम संस्करण 'द समर एक्सप्रेस' का विधिवत लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ ही समर न्यूज समूह ने हिंदी, पंजाबी और अंगेजी भाषा के समाचार पत्रों के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशेष उपस्थिती दर्ज करवाई है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया की लोकतंत्र में भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता समाज को सही दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान निभाती है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मीडिया केवल खबरों का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य भी करती है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सकारात्मक और तथ्यात्मक पत्रकारिता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। ऐसे में 'द समर एक्सप्रेस' जैसे प्रकाशन समाज के विभिन्न मुद्दों को लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ विकास और जनहित से जुड़े विषयों को भी प्रमुखता से उठाते हैं।

***समाज की आवाज़ को बुलंद करता रहेगा 'द समर एक्सप्रेस'*: मान-**

सीएम मान ने कहा कि पंजाब सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और जनकल्याण के सिद्धांतों पर कार्य कर रही है तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि 'द समर एक्सप्रेस' भविष्य में भी निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता के माध्यम से समाज की आवाज़ को बुलंद करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रकाशन समूह की पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि मीडिया संस्थानों को समाज में जागरूकता फैलाने, युवाओं को प्रेरित करने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी 'द समर एक्सप्रेस' के प्रथम संस्करण की सराहना की और इसे समाज तथा पाठकों के लिए उपयोगी प्रकाशन बताया। वक्ताओं ने कहा कि समाचार पत्र लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। समारोह के अंत में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'द समर एक्सप्रेस' के विशेष संस्करण की प्रति का विमोचन किया और प्रकाशन से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ संवाद भी किया। उपस्थित लोगों ने इस पहल को पत्रकारिता के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया।



केजेडएफ के दो आतंकी मलेशिया से डिपोर्ट सरहिंद रेलवे ट्रैक ब्लास्ट साजिश में शामिल थे

दिल्ली एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार, अंबाला और पटियाला के रहने वाले हैं दोनों आरोपी] आतंकी गतिविधियों को फंडिंग करते थे

समर न्यूज। लुधियाना



पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों और रॉयल मलेशिया पुलिस (आरएमपी) के सहयोग से प्रतिबंधित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) से जुड़े दो आतंकियों को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। दोनों को इंटेलिजेंस-लेड ऑपरेशन के तहत भारत लाया गया।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि दोनों आरोपियों को पंजाब पुलिस ने मलेशिया से डिपोर्ट करवाया था।

गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकियों की पहचान अंबाला निवासी गुरविंदर सिंह और पटियाला निवासी मनजीत सिंह के रूप में हुई है।

ये दोनों मलेशिया में बैठकर केजेडएफ समर्थित आतंकी मॉड्यूल के मुख्य नेटवर्क के रूप में काम कर रहे थे। दोनों आतंकी गतिविधियों को फंडिंग करते थे। पंजाब में महत्वपूर्ण रेलवे ढांचे, विशेष रूप से डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (मालगाड़ी लाइनों) को निशाना बनाने की साजिश में भी दोनों शामिल थे। पंजाब पुलिस ने इसी साल 23 जनवरी को सरहिंद (फतेहगढ़ साहिब) के पास रेलवे फ्रेट कॉरिडोर लाइन पर हुए आईईडी ब्लास्ट और 27 अप्रैल को पटियाला के शंभू के पास इसी कॉरिडोर पर विस्फोट की कोशिश करने वाले आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था।

विदेशी खातों से हो रही थी टेरर फंडिंग

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय साजिश की जांच के दौरान मलेशिया से काम कर रहे केजेडएफ के हैंडलर्स और फंड प्रोवाइडर्स का कनेक्शन का खुलासा हुआ था। डिपोर्ट किए गए ये आरोपी विदेशी खातों के जरिए पंजाब में केजेडएफ गुर्गों को टेरर फंडिंग में मुख्य भूमिका निभा रहे थे, ताकि राज्य में आतंकी हमलों को अंजाम देकर कानून व्यवस्था को भंग किया जा सके।

पुलिस रिमांड पर आरोपी

दोनों आरोपियों को पटियाला की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें आगे की पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत (रिमांड) में भेज दिया गया है। इस पूरी साजिश में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और इस व्यापक नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए जांच जारी है। पंजाब पुलिस आतंकी तंत्र को खत्म करने, टेरर फंडिंग नेटवर्क को तोड़ने और पंजाब की शांति, सुरक्षा व आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

फतेहगढ़-शंभू ब्लास्ट में की थी फंडिंग

फतेहगढ़ साहिब व पटियाला के शंभू में हुए ब्लास्ट की जांच के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से भारी मात्रा में सैन्य हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए थे। इसमें एक आरपीजी लॉन्चर, एक आईईडी, आरडीएक्स, हैंड ग्रेनेड और कारतूस के साथ हाई-एंड पिस्तौल शामिल थीं। मामले में इन्हीं दोनों आतंकियों ने फंडिंग की थी।

अमृतसर में एके-47 सहित हथियारों का जखीरा बरामद, एक हिरासत में

368 कारतूस मिले; अजनाला क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल को मिली कामयाबी



समर न्यूज। अमृतसर

अमृतसर के अजनाला क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद किया है। बीएफएफ की 117 बटालियन ने खुफिया जानकारी के आधार पर हरड़ खुर्द गांव के पास एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया, जिसकी निशानदेही पर यह हथियार बरामद किए गए।

बीएसएफ को वीरवार रात एक विशेष खुफिया सूचना मिली थी। इसी आधार पर थाना अजनाला, अमृतसर ग्रामीण क्षेत्र के हरड़ खुर्द गांव में यह कार्रवाई हुई। बरामद सामग्री में एक एके-47 राइफल, 25 पिस्तौल, 47 पिस्तौल मैगजीन, एक बुलेटप्रूफ जैकेट और 368 कारतूस शामिल हैं।

पंजाब सरकार की ओर से एंटी-ड्रोन सिस्टम बॉर्डर क्षेत्रों में लगाए गए हैं। हालांकि अब जीपीएस सिस्टम के जरिए हथियार और नशीले पदार्थ भेजे जा रहे हैं।

डीआईजी बॉर्डर रेंज हरमनबीर सिंह गिल के अनुसार, पंजाब सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब पुलिस और बीएसएफ के सहयोग से इन गतिविधियों को रोकने के लिए नई तकनीक पर काम किया जा रहा है। पहले की तुलना में स्थिति में काफी सुधार हुआ है। साल 2026 में जनवरी से जून (अब तक) के बीच अमृतसर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा पार व स्थानीय गैंगस्टरों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। इस दौरान बड़ी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार, ग्रेनेड, कारतूस और नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं।

पहले भी पकड़े जाते रहे हैं हथियार

- 29 जनवरी, 2026 को अमृतसर रूरल पुलिस ने विलेज डिफेंस कमेटी की मदद से ओथियां गांव के पास एक बड़े नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में एक स्टार मार्क पिस्तौल, 46 जिंदा कारतूस, चार हैंड ग्रेनेड और करीब 43 किलो हेरोइन बरामद की गई। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि हथियार ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से भेजे गए थे।
- 14 मार्च, 2026 को अमृतसर रूरल पुलिस ने मुहावा गांव में आईएसआई-प्रायोजित और विदेशी गैंगस्टरों से जुड़े एक बड़े मॉड्यूल का पर्दाफाश किया। इस कार्रवाई में एक एके-47 असॉल्ट राइफल (दो मैगजीन और 36 राउंड के साथ) और तीन ऑस्ट्रिया-निर्मित ग्लॉक पिस्तौलें बरामद की गईं। इस मामले में सुरज और रोहित नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जो पुलिस पर हमले की साजिश रच रहे थे।
- 16 अप्रैल, 2026 को पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने अमृतसर में स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सेल के साथ मिलकर एक और आईएसआई-समर्थित टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 2 विदेशी अत्याधुनिक पिस्तौल और 4 हैंड ग्रेनेड बरामद हुए।
- 14 मई, 2026 को अमृतसर पुलिस ने जेल से छूटे अपराधी आकाशदीप के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में 6 पिस्तौल और 14 कारतूस बरामद किए गए।
- 27 मई, 2026 को एक अन्य कार्रवाई में अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले 5 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से कई अत्याधुनिक पिस्तौलें बरामद हुईं।
- 17-18 जून, 2026 को अमृतसर पुलिस ने दो अलग-अलग ऑपरेशनों में बड़ी सफलता हासिल की। पहले ऑपरेशन में कमिश्नरेट पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 11 अत्याधुनिक पिस्तौलें बरामद कीं, जिनमें चीन निर्मित .30 बोर और ऑस्ट्रिया की ग्लॉक पिस्तौलें शामिल थीं।

सीएम मान ने जालंधर में धुस्सी बांध सड़क का किया शिलान्यास, 35 किलोमीटर लंबी होगी

दर्जनों गांव जुड़ेंगे; राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल बोले- लोगों का सफर आसान होगा

समर न्यूज। जालंधर

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज जालंधर दौरे के दौरान शाहकोट में सतलुज नदी के धुस्सी बांध पर बनने वाली 35 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का शिलान्यास किया। गिदड़पिंडी से फिल्लौर तक बनने वाली यह सड़क क्षेत्र के दर्जनों गांवों को आपस में जोड़ेगी।

राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल के लंबे प्रयासों और मान सरकार की इस पहल से बाढ़ प्रभावित इलाके के हजारों लोगों को राहत मिलेगी। इससे उनकी वर्षों पुरानी मांग भी पूरी हो गई है। बलबीर सिंह सीचेवाल ने कहा कि इससे लोगों का सफर आसान होगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान शुक्रवार को विशेष रूप से जालंधर दौरे पर पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। जालंधर में सतलुज नदी के पूरे किनारे को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। इसी कड़ी सुरक्षा के बीच उन्होंने शाहकोट पहुंचकर धुस्सी बांध सड़क का शिलान्यास किया।

इस प्रोजेक्ट के तहत सतलुज नदी के धुस्सी बांध पर गिदड़पिंडी से फिल्लौर तक एक मजबूत और पक्की सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क लगभग 35 किलोमीटर लंबी होगी। इसके बनने से पूरे क्षेत्र और आसपास के लोगों की आवाजाही में बड़ा सुधार होगा, जिससे स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी।

- **संत सीचेवाल के प्रयासों की सराहनाः** इस शिलान्यास समारोह के दौरान राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल विशेष रूप से मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे। इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए संत सीचेवाल लंबे समय से लगातार प्रयास कर रहे थे। स्थानीय लोग उनके इन प्रयासों को बड़ी उपलब्धि के रूप में देख रहे हैं।
- **2023 की बाढ़ के बाद उठी थी मांगः** सीचेवाल ने इस मौके पर 2023 की पुरानी आपदा को याद करते हुए कहा कि मंडाला छन्ना के पास अचानक धुस्सी बांध टूट गया था। बांध टूटने के कारण पूरे इलाके में बाढ़ आ गई थी, जिससे लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। तभी से बांध को मजबूत करने और उस पर पक्की सड़क बनाने की मांग लगातार उठ रही है। संत सीचेवाल ने आगे बताया कि गिदड़पिंडी से फिल्लौर तक बनने वाली यह पक्की सड़क क्षेत्र के दर्जनों गांवों को आपस में सीधे जोड़ेगी। इससे लोगों का सफर आसान होगा और बांध की मजबूती भी बढ़ेगी। इस इलाके की यह मांग पिछले कई सालों से लंबित थी, जिसे अब भगवंत मान सरकार ने पूरा कर दिया है।
- **पिछली सरकारों के प्रति स्थानीय लोगों में था रोषः** इस मौके पर मंडाला छन्ना, गट्टा मुंडी कासू, गिदड़पिंडी समेत आसपास के कई गांवों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वे कई सालों से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे, लेकिन पिछली किसी भी सरकार ने इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने मौजूदा मान सरकार का आभार प्रकट किया।

पंजाब में नीट री-एग्जाम के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम, तैयारी पूरी

समर न्यूज। चंडीगढ़

पंजाब में नीट री-एग्जाम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर फुलप्रूफ तैयारियां की जा रही हैं। परीक्षा संचालन के लिए हर जिले में डिप्टी कमिश्नर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कस्टोडियन बैंक से परीक्षा केंद्र तक प्रश्नपत्रों को ले जाने और उनकी निगरानी की जिम्मेदारी पंजाब पुलिस के साथ केंद्रीय सुरक्षा बलों को सौंपी गई है। राज्य सरकार ने सभी जिला अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि 19 जून को तैयारियों की समीक्षा के लिए सभी विभागों के साथ बैठक करें।

परीक्षा में केंद्र सरकार की सभी गाइडलाइन का पालन किया जाए, ताकि छात्र बिना तनाव परीक्षा दे सकें। परीक्षा से एक दिन पहले व परीक्षा के दिन यानी 20 और 21 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

कर्नाटक में डीके का डंका, बजेपी-जेडीएस एमएलए ने की क्रॉस वोटिंग

विधान परिषद चुनावों में कांग्रेस ने जीतीं पांच सीटें, एचडी देवेगौड़ा की पार्टी शून्य पर सिमट गई

एजेंसी। बेंगलुरु



कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के बाद सीएम बने डीके शिवकुमार ने कांग्रेस की जीत के साथ अपनी शुरुआत की है। विधान परिषद चुनावों में उन्हें खेला कर दिया। बीजेपी और जेडीएस विधायकों की क्रॉस वोटिंग से कांग्रेस के पांचवें कैंडिडेट को भी जीत मिली, तो वहीं एचडी देवेगौड़ा की पार्टी शून्य पर सिमट गई।

कांग्रेस को राज्यसभा चुनावों में जहां झारखंड में बड़ा झटका लगा है तो वहीं दूसरी ओर दक्षिणी राज्य कर्नाटक से उसे गुड न्यूज मिली है। कर्नाटक विधान परिषद की सात सीटों के चुनावों में कांग्रेस ने पांचवें कैंडिडेट को भी जिता लिया। ऐसे में बीजेपी के खाते में दो सीटें आईं।

पूर्व पीएम एच डी देवेगौड़ा की अगुवाई वाली जनता दल (सेक्युलर) के कैंडिडेट को हार का सामना करना पड़ा। विधान परिषद चुनावों में क्रॉस वोटिंग हुई। विधान परिषद चुनावों में कुल 222 वोट डाले गए। इसमें कांग्रेस को 151 वोट मिले, जबकि उसके पास 140 वोट थे। ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी के आठ विधायकों और जेडीएस के चार विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। 1 वोट अनवैलिड हुआ। इसीलिए कांग्रेस को 11 वोट अतिरिक्त मिले। एमएलसी चुनाव के नतीजों पर कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि विधान परिषद चुनाव के पहले राउंड में कांग्रेस के सभी पांचों उम्मीदवार भारी जीत के साथ जीते।

कांग्रेस के पास 135 वोट थे, लेकिन उसे 151 वोट मिले। बीजेपी के 7 वोट कम हो गए और उसे 64 वोट मिले, जबकि जनता दल को 18 के बजाय 14 वोट मिले।

सोच-विचार के बाद, कर्नाटक के विधायकों ने जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के लिए वोट किया, वह भारी बहुमत और पूर्ण बहुमत वाला वोट था। यह वोट सकारात्मक राजनीति के लिए है।

तीन साल में अपराधी को सजा तक पहुंचाने वाली व्यवस्था बनाना लक्ष्य : अमित शाह

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को ऐसा प्रभावी माध्यम बनाया जाना चाहिए, जो प्रत्येक नागरिक को संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित कर सके।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर, संपत्ति या सम्मान से जुड़े अधिकारों का उल्लंघन होता है और वर्षों तक अपराधी को दंड नहीं मिलता, तो ऐसी व्यवस्था न्यायसंगत नहीं कही जा सकती। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वर्ष 2019 में आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाने का अभियान शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य कानूनों को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जांच प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा बनाना तथा एफआईआर से लेकर अपराधी को दोषसिद्ध कराने तक की प्रक्रिया को तीन वर्ष के भीतर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि देश वर्तमान में आपराधिक न्याय प्रणाली के परिवर्तन काल से गुजर रहा है। पहले थाना केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने का माध्यम माना जाता था, लेकिन समय के साथ उसकी भूमिका अपराध नियंत्रण और जांच-पड़ताल तक विस्तारित हुई।

अब आवश्यकता इस बात की है कि पूरी न्याय प्रणाली नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का प्रभावी साधन बने। गृहमंत्री ने राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) की सराहना करते हुए कहा कि इसके जरिए कई जटिल मामलों को सुलझाने में सफलता मिली है।

पीएम समेत कई नेताओं ने राहुल गांधी को दी जन्मदिन की बधाई

विपक्ष के नेता राहुल गांधी को विभिन्न दलों के नेताओं से शुभकामनाएं मिलीं

एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख राजनीतिक नेताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। यह संदेश उनके जन्मदिन और हालिया राजनीतिक गतिविधियों के संदर्भ में सामने आया, जिसने राजनीतिक गलियारों में सौहार्द और संवाद की एक सकारात्मक झलक पेश की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी को उनके 56वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। पीएम मोदी का यह संदेश सोशल मीडिया के जरिए सामने आया, जिसे राजनीतिक शिष्टाचार के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। खड़गे ने उन्हें संविधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध और जनता की आवाज उठाने वाला नेता बताया। इसके अलावा पार्टी के अन्य नेताओं और विपक्षी दलों ने भी उन्हें शुभकामनाएं भेजीं और उनके राजनीतिक प्रयासों की सराहना की।

हाल के दिनों में राहुल गांधी लगातार युवाओं और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय दिखाई दिए हैं। उन्होंने नीट परीक्षा व्यवस्था और शिक्षा खर्च को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं और छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम भी तेज किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कोटा और अन्य शहरों में छात्र मुद्दों पर अभियान चलाकर युवाओं की समस्याओं को राष्ट्रीय बहस का हिस्सा बनाने की कोशिश की है।

गर्लफ्रेंड की बेटी से मिलने जबरन घर में घुसे तेजप्रताप

एजेंसी। पटना

तेजप्रताप यादव पर उनकी कथित गर्लफ्रेंड अनुष्का के भाई आकाश ने एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि तेजप्रताप ने उनसे कहा है कि अगर उन्हें उनकी पत्नी अनुष्का से मिलने से रोका गया तो उज्जैनी, यानी अनुष्का की बेटी का अपहरण करा दिया जाएगा।

आकाश के आरोपों पर तेजप्रताप ने एक्स पर सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि मेरे ऊपर लगाए गए धमकी और दबाव बनाने के आरोप मनगढ़ंत हैं। मेरे खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत छवि खराब करने की साजिश है। 24 मई 2025 को तेजप्रताप के सोशल मीडिया अकाउंट से अनुष्का के साथ तस्वीरें शेयर की गई थीं।

कोलकाता-योग दिवस के लिए रेड रोड सात दिन तक बंद

ईद के लिए परमिशन नहीं मिली थी; हाईकोर्ट बोला- सरकार वैकल्पिक रास्तों का इंतजाम करे

एजेंसी। कोलकाता



कोलकाता के रेड रोड पर 21 जून को योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम होना है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। इसकी तैयारियों के लिए 14 जून से रेड रोड बंद है। इसके खिलाफ ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

याचिका में कहा गया कि सड़क बंद होने से वकीलों और आम लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि रेड रोड बंद रहने तक लोगों के लिए वैकल्पिक रास्तों का इंतजाम करें। साथ ही कार्यक्रम खत्म होने के बाद तुरंत ही सड़क खोला जाए। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने रोड बंद करने का विरोध किया है।

- **सरकार बोली- लोगों को परेशानी नहीं होगीः** याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा- पूरी सड़क बंद करने के बजाय उसका एक हिस्सा खुला रखा जा सकता था। इससे लोगों को लंबा रास्ता तय नहीं करना पड़ता। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया गया कि योग दिवस का कार्यक्रम आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इलाके में कई वैकल्पिक रास्ते मौजूद हैं। लोगों को परेशानी नहीं होगी। कोर्ट ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके बाद मामले की अगली सुनवाई होगी।
- **कर्मचारियों की मौजूदगी पर भी विवादः** इस बीच पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने को कहा गया है। इसे लेकर राज्य कर्मचारी संगठनों ने आपत्ति जताई है। हालांकि सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि आदेश में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि कार्यक्रम में शामिल होना अनिवार्य है। राज्य सरकार की ओर से भी कहा गया कि कर्मचारियों से केवल कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।
- **हुगली में 500 नावों पर योग होगाः** रेड रोड पर होने वाले मुख्य कार्यक्रम में करीब 35 हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा हुगली नदी में 500 से ज्यादा नावों पर भी योग प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, इसके जरिए नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की कोशिश होगी। सुंदरबन बोट्स एसोसिएशन के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें राज्य परिवहन विभाग की ओर से कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला है।

www.summerexpress.in

समर प्राइम 3

20 जून 2026

समर एक्सप्रेस







































अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सिरसा के डेरा बाबा भूमणशाह में हजारों ने किए योगासन

बाबा ब्रह्मदास के सान्निध्य में आयोजन, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिया योग से स्वस्थ रहने का संदेश







समर न्यूज | सिरसा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिरसा स्थित मुख्य डेरा बाबा भूमणशाह में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

डेरा गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास के सान्निध्य में आयोजित इस योग शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा भाजपा नेताओं ने भाग लेकर योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित और नशा-मुक्त समाज के निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि डेरा बाबा भूमणशाह का यह पावन आश्रम आध्यात्मिक जागरूकता, मानव सेवा और सामाजिक सद्भाव का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां आकर उन्हें मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है।

योग व्यक्ति को अनुशासित, स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों और नेतृत्व के चलते आज 21 जून को पूरी दुनिया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रही है। भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्वभर में करोड़ों लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार भी योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने योग के प्रचार-प्रसार के लिए योग आयोग का गठन किया। इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों में नियमित रूप से योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर लाभान्वित हो सकें।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने डेरा गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास से आशीर्वाद प्राप्त किया और योग को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

केएमपी एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्राले से टक्कर, चालक जख्मी

पिपली टोल प्लाजा के पास हादसा, मामला दर्ज

समर न्यूज | गुरुग्राम



खरखौदा। कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर पिपली टोल के निकट एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया है। सड़क के बीचों-बीच खड़े ट्राले से टकराने के कारण एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के अमेठी निवासी राम मिलन ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी का ट्रक चालक मुस्ताक खां, जो राजस्थान के अलवर का रहने वाला है, मुंबई से परचून का सामान लेकर कुंडली की ओर जा रहा था।

बताया गया कि जब ट्रक पिपली टोल के समीप पहुंचा, तो सड़क पर एक ट्राला बिना किसी चेतावनी संकेत, रिफ्लेक्टर या अन्य सुरक्षा इंतजामों के खड़ा मिला। चालक को अचानक सामने खड़े वाहन का अंदाजा नहीं लग पाया, जिसके चलते ट्रक सीधे ट्राले के पिछले हिस्से से जा टकराया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक मुस्ताक खां गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस ने कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी हादसे के कारणों और सड़क पर खड़े ट्राले की स्थिति की जांच कर रहे हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि ट्राले को बिना सुरक्षा संकेतों के सड़क पर क्यों खड़ा किया गया था।

नीटः राहुल गांधी का संदेश घर-घर पहुंचाएगी कांग्रेस



सुंदर कुंडू | पलवल
समर न्यूज

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा राजस्थान के कोटा में आयोजित महारैली के दौरान छात्रों से किए गए संवाद को लेकर शुक्रवार को पलवल स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नेत्रपाल अधाना ने एलइडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी का संबोधन सुनवाया और नीट पेपर लीक मामले पर कांग्रेस के संदेश को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। नेत्रपाल अधाना ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीट पेपर लीक प्रकरण ने देशभर के लाखों छात्रों और उनके परिवारों को गहरे मानसिक तनाव में डाल दिया है। आरोप लगाया कि परीक्षा में लगातार हो रही अनियमितताओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

युवक की मौत, अंतिम संस्कार से पहले पुलिस ने उठाया शव

समर न्यूज | करनाल

जिले के गांव पंगाला में 27 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। युवक का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला था। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर चुके थे और शव को श्मशानघाट भी ले जाया गया, लेकिन हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान गांव पंगाला निवासी विक्रम (27) के रूप में हुई है। पुलिस ने वीरवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। मृतक की मां प्रकाशी देवी ने बताया कि वह बुधवार को गांव से बाहर एक मंदिर में गई हुई थी। घर लौटने पर उसने देखा कि उसका बेटा कमरे में फंदे से लटका हुआ था। उनका कहना है कि विक्रम के पैर जमीन को छू रहे थे, जिससे घटना को लेकर उनकी शंका और गहरा गई। प्रकाशी देवी ने गांव के ही दो युवकों, मुन्ना और कल्लू, पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है।

उनका दावा है कि आरोपितों ने पहले विक्रम की हत्या की और बाद में घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया। ग्रामीणों और समाज के कुछ लोगों के दबाव में शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशानघाट ले जाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जनसमस्याओं के समाधान और विकास कार्यों पर जोर

रोहतक दौरे पर सिंचाई एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने दिया बड़ा संदेश

समर न्यूज | रोहतक



हरियाणा की सिंचाई एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने रोहतक दौरे के दौरान जिला कष्ट निवारण समिति (ग्रिवेन्स कमेटी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकों की समस्याओं के निवारण और क्षेत्रीय विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बैठक में कुल 12 एजेंडा मामलों पर चर्चा की गई, जिनमें से 8 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। मंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक मामले का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान श्रुति चौधरी ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने के लिए 19 गांवों के लिए लगभग 24.36 करोड़ रुपये की विशेष योजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना के पूरा होने से बाढ़ की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। पेयजल संकट को लेकर मंत्री ने कहा कि रोहतक में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक परियोजना पर कार्य किया जा रहा है, जिससे भविष्य में लोगों को पेयजल की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा, झज्जर सब ब्रांच के आधुनिकीकरण की भी घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि वर्ष 1994 के बाद पहली बार इस नहर की लाइनिंग और रिमॉडलिंग का कार्य कराया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर करीब 14 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी, किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और पेयजल तथा बाढ़ जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

आईएएस आरके सिंह तीन दिन के सीबीआई रिमांड पर

समर न्यूज | पंचकूला



पंचकूला नगर निगम फंड से जुड़े कथित करोड़ों रुपये के बैंक फ्रॉड मामले में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी आरके सिंह को शुक्रवार को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। मामले की गंभीरता और जांच की आवश्यकता को देखते हुए सीबीआई ने अदालत से आरोपी का रिमांड मांगा।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरके सिंह को तीन दिन के सीबीआई रिमांड पर भेजने के आदेश दिए। सीबीआई अब रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ करेगी। जांच एजेंसी वित्तीय लेनदेन, बैंक खातों और मामले से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही है। इसके साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि कथित अनियमितताओं और धन के लेनदेन में अन्य किन व्यक्तियों की भूमिका रही और पूरे नेटवर्क का संचालन किस प्रकार किया गया।

सीबीआई कथित लाभार्थियों की पहचान करने के साथ-साथ फंड के उपयोग और धनराशि के प्रवाह की पूरी कड़ी को खंगाल रही है। पंचकूला नगर निगम फंड से जुड़े कथित घोटाले और बैंकिंग अनियमितताओं की जांच लंबे समय से सीबीआई के अधीन है। मामले में पहले भी कई वित्तीय रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच की जा चुकी है।

नीट री-एग्जाम अभ्यर्थियों को हरियाणा रोडवेज में मुफ्त सफर, सरकार ने जारी किए आदेश

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने नीट पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए हरियाणा रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर जारी इस व्यवस्था का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा केंद्रों तक आसानी और बिना अतिरिक्त खर्च के पहुंचाना है।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट री-एग्जाम में शामिल होने वाले अभ्यर्थी 20 और 21 जून को हरियाणा रोडवेज की साधारण (ऑर्डिनरी) बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। यह सुविधा परीक्षा केंद्र तक आने-जाने दोनों के लिए उपलब्ध



रहेगी। परिवहन विभाग ने इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। हालांकि यह सुविधा केवल साधारण बसों में ही लागू होगी। एसी और वॉल्वो बसों में अभ्यर्थियों को सामान्य किराया देना होगा।

मुफ्त यात्रा का लाभ उठाने के लिए छात्रों को किसी अलग पास की जरूरत नहीं होगी। बस में सफर के दौरान अभ्यर्थियों को अपना वैध नीट प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) और एक पहचान पत्र दिखाना होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उन्हें शून्य किराया (जीरो-बैलेंस) टिकट जारी किया जाएगा।

सरकार का कहना है कि यह पहल विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी यात्रा संबंधी परेशानियों को कम करने के उद्देश्य से की गई है। लंबे सफर और परिवहन संबंधी चुनौतियों का सामना करने वाले छात्रों को इस निर्णय से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

साथ ही अभिभावकों पर पड़ने वाला अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी कम होगा। हरियाणा सरकार ने भरोसा दिलाया है कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी ऐसी जनहितकारी पहल जारी रहेंगी।

हादमें इनेलो जिला महासचिव घायल

समर न्यूज | गोहाना

महम-गोहाना रोड पर देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। भंडेरी गांव के निकट अचानक सड़क पर नीलगायों का झुंड आ जाने से एक बोलेरो नियो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के जिला महासचिव आनंद शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए।

गांव छपरा निवासी आनंद शर्मा रात करीब 11:30 बजे अपनी बोलेरो नियो से गोहाना से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान भंडेरी गांव के पास पहुंचते ही अचानक नीलगायों का झुंड सड़क पर आ गया, जिससे चालक को संभलने का मौका नहीं मिला। झुंड में शामिल दो नीलगाय सड़क पार कर सुरक्षित खेतों की ओर निकल गईं, जबकि एक नीलगाय वाहन से टकरा गई।

संपत्ति विवाद व कर्ज के तनाव में युवक बना डबल मर्डर का आरोपी

चाचा और दोस्त की गोली मारकर हत्या, पुलिस ने घटना के कुछ घंटों बाद ही किया गिरफ्तार

समर न्यूज | लालडू/पानीपत



संपत्ति विवाद और कर्ज चुकाने के दबाव ने एक युवक को इस कदर अपराध की राह पर धकेल दिया कि उसने कुछ ही घंटों के भीतर अपने चाचा और करीबी दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। पंजाब के लालडू और हरियाणा के पानीपत में अंजाम दी गई इस सनसनीखेज वारदात ने दोनों राज्यों में हड़कंप मचा दिया। पुलिस ने आरोपी को घटना के कुछ घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान पानीपत निवासी 24 वर्षीय साहिल मलिक के रूप में हुई है। मृतकों में डेराबस्सी निवासी प्रॉपर्टी कारोबारी राहुल मलिक (45) और पानीपत निवासी अंकुश अग्रवाल (25) शामिल हैं। राहुल मलिक स्थानीय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष भी थे, जबकि अंकुश एक सीमेंट एजेंसी में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था और उसकी तीन महीने पहले ही शादी हुई थी। जांच में सामने आया है कि साहिल के परिवार और राहुल मलिक के बीच वर्षों पुराना संपत्ति विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि करीब दो दशक पहले साहिल के पिता द्वारा लिया गया होम लोन चुकाने के बाद राहुल मलिक ने परिवार को घर से बेदखल कर दिया था। उसी घटना को लेकर साहिल के मन में चाचा के प्रति गहरी नाराजगी थी। पुलिस के मुताबिक, शाम साहिल लालडू के घोलूमाजरा स्थित राहुल मलिक के कार्यालय पहुंचा। वहां मौजूद लोगों को बाहर भेजने के बाद उसने राहुल पर गोलियां चला दीं। हत्या के बाद वह शव को अपनी कार में डालकर करीब 150 किलोमीटर दूर पानीपत ले गया।

इसके बाद उसने अपने दोस्त अंकुश अग्रवाल को फोन कर मिलने के लिए बुलाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार लोन की किश्तों को लेकर दोनों के बीच तनाव था। अंकुश के कार में बैठते ही साहिल ने उसे भी गोली मार दी। दोनों हत्याओं के बाद आरोपी शवों को पानीपत के सिवाह नहर क्षेत्र में फेंककर फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कई जिलों में अलर्ट जारी किया। वाहन की लोकेशन और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी का पीछा किया गया और कुछ घंटों के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में लालडू और समालखा थानों में हत्या के अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, राहुल मलिक के शरीर पर गर्दन, पेट और कमर में गोली लगने के निशान मिले हैं। दोनों शवों का पोस्टमार्टम पानीपत में कराया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले के सभी पहलुओं की जांच जारी है।

निशाना

हरियाणा भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष ने विकसित भारत के संकल्प को बताया प्राथमिकता

पलवल में डॉ. अर्चना गुप्ता का हुआ भव्य स्वागत

सुंदर कुंडू | पलवल
समर न्यूज





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे जनसंपर्क, जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत पलवल के आलापुर स्थित मोनार्क बैंक्विट हॉल में प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पलवल पहुंचीं डॉ. अर्चना गुप्ता का जिले के प्रबुद्धजनों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और समारोह में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। अपने संबोधन में डॉ. अर्चना गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान देश में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने आधारभूत ढांचे, औद्योगिक विकास, शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण और विदेश नीति के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' जैसी योजनाओं ने स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास को नई दिशा दी है और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डॉ. गुप्ता ने पलवल की जनता द्वारा मिले स्नेह और सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि जनता का विश्वास उन्हें संगठन और समाज की सेवा के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है। प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए समाजहित और राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रयासों से ही संगठन का विस्तार और जनसेवा के लक्ष्य पूरे किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम में हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, होडल विधायक हरेंद्र सिंह, फरीदाबाद की मेयर प्रवीण जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला, पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल, पूर्व मंत्री जगदीश नायर, पूर्व विधायक दीपक मंगला, पूर्व विधायक प्रवीण डागर, अरविंद यादव, सुभाष कत्याल, चरण सिंह तेवतिया, जवाहर सिंह सोरोत, समाजसेवी मनोज रावत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, सामाजिक जागरूकता और युवाओं के भविष्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

उपस्थित वक्ताओं ने विश्वास जताया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और विकास तथा जनसेवा की भावना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी।

नीट री-एग्जामः रेलवे अलर्ट, अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम, स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी





अंकुर कपूर | अंबाला
समर न्यूज

21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर भारतीय रेलवे ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

परीक्षार्थियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए अंबाला रेल मंडल ने प्रमुख स्टेशनों पर विशेष प्रबंध करने का निर्णय लिया है, ताकि परीक्षा देने आने वाले विद्यार्थियों और उनके परिजनों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। अंबाला रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक यशनजीत सिंह ने बताया कि चंडीगढ़, मोहाली, पटियाला, बठिंडा और सहारनपुर ऐसे प्रमुख स्टेशन हैं, जहां नीट परीक्षा के कारण यात्रियों की संख्या में अचानक वृद्धि होने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने अतिरिक्त व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की है।

उन्होंने बताया कि रेलवे ने दो स्पेशल ट्रेनों के संचालन का प्रस्ताव भेजा था। इनमें बठिंडा-चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेन को मंजूरी मिल चुकी है, जबकि सहारनपुर-चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेन को भी जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इन विशेष ट्रेनों के संचालन से परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। यशनजीत सिंह ने कहा कि परीक्षा वाले दिन बड़े रेलवे स्टेशनों पर विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। यहां रेलवे कर्मचारी अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा रेलवे सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग और अन्य शाखाओं के कर्मचारियों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी।

रेलवे अधिकारियों की विशेष ड्यूटी भी लगाई गई है, जो कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे घटनाक्रम और यात्री सुविधाओं पर लगातार नजर रखेंगे। रेलवे का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परीक्षा के दिन किसी भी परीक्षार्थी को यात्रा संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों।

गोवंश को बचाने की कोशिश में पलटा ट्रक कई घंटे बाधित रहा यातायात, लोग परेशान





राकेश | ऊना
समर न्यूज़

ऊना-नंगल राष्ट्रीय राजमार्ग पर देहलां के पास शुक्रवार तड़के एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलट गया।

चालक ने अचानक सड़क पर आए गोवंश को बचाने का प्रयास किया, जिसके चलते वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि एक बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना सुबह के समय हुई, जब ट्रक ऊना की ओर जा रहा था। ट्रक के पलटते ही उसमें भरा कचरा राष्ट्रीय राजमार्ग की एक लेन पर फैल गया, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। सड़क पर मलबा बिखरने के कारण वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ गई और कुछ समय के लिए लंबा जाम भी लग गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना मैहतपुर की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर दुर्घटनाग्रस्त लेन पर बैरिकेडिंग कर दी तथा यातायात को दूसरी लेन से सुचारू रूप से संचालित किया। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से यातायात व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया, ताकि यात्रियों को अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

हादसे की खबर फैलते ही आसपास के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद ट्रक को सड़क से हटाने और बिखरे कचरे को साफ करने का कार्य शुरू किया गया। राहत एवं सफाई कार्य कई घंटों तक जारी रहा। भारी मशीनों की सहायता से ट्रक को सीधा कर हटाया गया और सड़क को पूरी तरह साफ किया गया। प्रशासन और पुलिस की तत्परता के चलते स्थिति जल्द नियंत्रण में आ गई। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना के समय आसपास कोई अन्य वाहन मौजूद नहीं था।

हादसे से किसी प्रकार की जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। सड़क को साफ करने के बाद यातायात सामान्य रूप से बहाल कर दिया गया।

चिंतपूर्णी मंदिर की सुरक्षा का लिया जायजा, पूर्व सैनिक निगम सचिव ने जवानों का बढ़ाया उत्साह

विकास | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़



विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम के सचिव कमल देव सिंह कंवर ने विशेष दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में तैनात पूर्व सैनिकों की ड्यूटी और सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया तथा जवानों का उत्साहवर्धन किया।

दौरे के दौरान सचिव कमल देव सिंह कंवर ने अपने परिवार सहित माता चिंतपूर्णी के दर्शन किए और प्रदेश तथा देश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर पहुंचने पर पुजारी ऋषभ कालिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न करवाई और उन्हें माता की पावन पिंडी के दर्शन करवाए। इसके बाद मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर ने सचिव का स्वागत करते हुए उन्हें माता का सिरोपा एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में पूर्व सैनिक निगम द्वारा दिए जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए निगम और उसके जवानों का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि चिंतपूर्णी मंदिर की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम के पास है। मंदिर परिसर में लगभग 50 पूर्व सैनिक विभिन्न सुरक्षा दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

सचिव ने जवानों से बातचीत कर उनकी कार्यप्रणाली, ड्यूटी व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा उन्हें पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ सेवाएं जारी रखने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान सचिव कमल देव सिंह कंवर और मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर के बीच श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों अधिकारियों ने त्योहारों और विशेष अवसरों पर उमड़ने वाली भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया।

सचिव ने कहा कि पूर्व सैनिक निगम के जवान मंदिर की गरिमा, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तत्परता से अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हमीरपुर बनेगा योग की राजधानी, अणु में होगा राज्यस्तरीय आयोजन

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को हमीरपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयुष विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से अणु स्थित सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में इस कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोगों के भाग लेने की संभावना है, जो सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश देंगे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर उपायुक्त हमीरपुर गंधर्वा राठौड़ ने हमीर भवन में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, आयुष विभाग, नगर निगम व अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.उपायुक्त ने कहा कि योग दिवस के राज्य स्तरीय आयोजन में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के पहुंचने की उम्मीद है।

ऐसे में मैदान में कारपेट और योग मैट की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, सफाई, प्रतिभागियों के लिए रिफ्रेशमेंट तथा वाहनों की पार्किंग सहित सभी प्रबंध समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और प्रतिभागियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने बताया कि पेयजल वितरण, रिफ्रेशमेंट और अन्य व्यवस्थाओं के संचालन में नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना व स्वयंसेवी संस्थाओं के स्वयंसेवकों का सहयोग भी लिया जाएगा।

बैठक में पुलिस को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए विशेष योजना बनाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ठाकुर, एसडीएम संजीत सिंह, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

आदित्य शर्मा के परिवार को एक करोड़ मुआवजा

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़

ओमान में हुए हमले में जान गंवाने वाले भारतीय नाविकों के परिवारों को आर्थिक सहायता और रोजगार देने की मांग तेज हो गई है। फॉरवर्ड सीमेन यूनियन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव जेएपी किलट ने केंद्र सरकार से मृतक नाविकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है।

हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए किलट ने कहा कि ओमान में हुए हमले में पहले तीन भारतीय नाविकों की मौत की सूचना मिली थी, जबकि बाद में एक अन्य नाविक की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हमीरपुर निवासी आदित्य शर्मा की मौत मिसाइल हमले के दौरान हुई थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और विशाखापट्टनम के अन्य नाविकों ने भी इस घटना में अपनी जान गंवाई।

पांच मल्टी-एक्सल ट्रक जब्त, 20 ट्रैक्टरों के चालान

नूरपुर में अवैध खनन और खनिजों के गैरकानूनी परिवहन के खिलाफ अभियान, खनन माफिया में हड़कंप

संजीव | नूरपुर
समर न्यूज़



पुलिस जिला नूरपुर ने अवैध खनन और खनिजों के गैरकानूनी परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले 24 घंटों में 25 वाहनों पर शिकंजा कसा है। पुलिस द्वारा माइनिंग एक्ट के तहत 20 ट्रैक्टरों के चालान किए गए, जबकि पांच मल्टी-एक्सल ट्रकों को जब्त कर आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए अदालत में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधीक्षक नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष नाकाबंदी और औचक निरीक्षण अभियान के दौरान यह कार्रवाई अमल में लाई गई। थाना ज्वाली क्षेत्र में बिना वैध दस्तावेजों और एक्स-फॉर्म के खनिज सामग्री का परिवहन करते पाए गए तीन मल्टी-एक्सल ट्रकों को इंपाउंड किया गया। इसके अलावा सात ट्रैक्टरों के खिलाफ भी माइनिंग एक्ट के तहत चालान किए गए।थाना डमटाल पुलिस ने एक मल्टी-एक्सल ट्रक और दो ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की। वहीं थाना नूरपुर में तीन, थाना फतेहपुर में दो तथा थाना इंदौरा क्षेत्र में दो ट्रैक्टरों और एक मल्टी-एक्सल ट्रक को अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कार्रवाई के दायरे में लाया गया। थाना रेहन में भी एक ट्रैक्टर चालक के खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में तीन अन्य ट्रैक्टरों पर भी कानूनी कार्रवाई की गई। एसपी कुलभूषण वर्मा ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस जिला नूरपुर में अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने लोगों से भी अवैध खनन संबंधी गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

नीट अभ्यर्थियों के लिए एचआरटीसी बसों में मुफ्त सफर, सरकार ने जारी की अधिसूचना

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



प्रदेश सरकार ने नीट (नीट) परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए एचआरटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा देने का फैसला किया है। इस संबंध में सरकार की ओर से आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह सुविधा परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक आने-जाने में आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष टोनी ठाकुर ने बताया कि उन्होंने नीट अभ्यर्थियों के लिए मुफ्त बस सुविधा की मांग मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के समक्ष उठाई थी। विद्यार्थियों की जरूरतों को देखते हुए सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए आवश्यक मंजूरी प्रदान की है।

सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार नीट परीक्षा से जुड़े दिनों में अभ्यर्थी एचआरटीसी बसों में बिना किराया दिए यात्रा कर सकेंगे। टोनी ठाकुर ने जानकारी दी कि विद्यार्थियों को रविवार और सोमवार दोनों दिन इस सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने वाले छात्रों को विशेष सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थी ऐसे क्षेत्रों से आते हैं जहां परीक्षा केंद्र काफी दूर होते हैं। ऐसे में यात्रा खर्च कई परिवारों के लिए अतिरिक्त बोझ बन जाता है। सरकार के इस निर्णय से विद्यार्थियों को न केवल आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि वे बिना किसी चिंता के अपनी परीक्षा की तैयारी और परीक्षा पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। टोनी ठाकुर ने इस छात्र हितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार विद्यार्थियों के कल्याण और शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सकारात्मक कदम उठा रही है। इस फैसले से राज्य के हजारों नीट अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को लाभ मिलेगा तथा शिक्षा के प्रति सरकार की संवेदनशील सोच भी स्पष्ट रूप से सामने आई है।

सड़क परियोजना से पांगी घाटी में तेज होगा विकास

समर न्यूज़ | शिमला

राज्यसभा सदस्य हर्ष महाजन ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के मुख्य अभियंता राजीव कुमार के साथ बैठक कर हिमाचल प्रदेश की प्रमुख सड़क परियोजनाओं और आधारभूत ढांचे के विकास पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक का मुख्य केंद्र उदयपुर-किलाड़ सड़क के पक्कीकरण कार्य और सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क संपर्क को मजबूत बनाने की योजनाएं रहीं। हर्ष महाजन ने कहा कि उदयपुर से किलाड़ तक सड़क के निर्माण और पक्कीकरण से पांगी घाटी के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। कठिन यात्रा को सड़क के बेहतर होने के बाद लगभग दो घंटे में पूरा किया जा सकेगा। इससे क्षेत्र के निवासियों की आवाजाही आसान होगी और कुल्लू सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों तक पहुंच भी अधिक सुगम बनेगी।

किशाऊ बांध पर हिमाचल को बड़ी राहत, न पैसा देगा प्रदेश, न खरीदेगा महंगी बिजली

संजू | शिमला
समर न्यूज़



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि लंबे समय से अटकी किशाऊ बांध परियोजना को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण सहमति बनी है और इसमें हिमाचल प्रदेश के हितों को प्राथमिकता दी गई है।

नरेश चौहान ने कहा कि इस परियोजना में शामिल सभी राज्यों की रुचि रही है और हाल ही में हुई बैठक के मिनट्स भी तैयार हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि टौंस नदी पर बनने वाले इस बांध से अलग-अलग राज्यों को अलग-अलग लाभ मिलेंगे। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को पीने के पानी और सिंचाई के लिए पानी मिलेगा, जबकि परियोजना से बिजली उत्पादन भी होगा। नरेश चौहान ने कहा कि पिछली सरकार के समय इस परियोजना को 90:10 के अनुपात में आगे बढ़ाने का प्रस्ताव था, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश को लगभग 800 करोड़ रुपये का योगदान देना पड़ता और 2 रुपये 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली भी खरीदनी पड़ती।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताई। चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट कहा कि हिमाचल न तो परियोजना के लिए पैसा देगा और न ही बिजली खरीदेगा, बल्कि प्रदेश को मुफ्त बिजली मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पर सहमति बनी है, जिसके बाद हिमाचल प्रदेश को लगभग 600 करोड़ रुपये मूल्य की मुफ्त बिजली मिलने का रास्ता साफ हुआ है।नरेश चौहान ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पहले दिन से ही हिमाचल के हितों की लड़ाई लड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कड़छम-वांगतू परियोजना के मामले में भी संघर्ष कर 18 प्रतिशत रॉयल्टी सुनिश्चित करवाई, जिससे प्रदेश को सालाना 252 करोड़ रुपये की आय होगी। वहीं, छराबड़ा स्थित वाइल्ड फ्लॉवर हॉल होटल मामले में भी सरकार ने कानूनी लड़ाई लड़ी, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश को करीब ढाई करोड़ रुपये मासिक आय के साथ 300 करोड़ रुपये की एकमुश्त राशि प्राप्त हुई है।

नादौन में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 130 पेटी अंग्रेज़ी, शराब से भरा वाहन जब्त

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



जिला हमीरपुर के नादौन थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलूर इलाके में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब से भरे एक वाहन को पकड़ लिया। पुलिस ने वाहन से 130 पेटी ओल्ड मोंक शराब बरामद कर कब्जे में ले ली है।

मामले में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब से लदा एक वाहन निर्धारित मार्ग के बजाय दूसरे रास्ते से गुजर रहा है। सूचना के आधार पर नादौन पुलिस ने कलूर क्षेत्र में नाकाबंदी की और संदिग्ध वाहन को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान वाहन के भीतर 130 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

शराब को निर्धारित गंतव्य के बजाय अन्य स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी आधार पर पुलिस ने शराब और वाहन दोनों को जब्त कर लिया। अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी तथा इसे कहां पहुंचाया जाना था।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर बलवीर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस नशा और अवैध तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत नादौन पुलिस ने यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि बरामद शराब और वाहन को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है तथा आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच कर रही है।

डॉक्टरों को दिया जाएगा नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस

संजू | शिमला
समर न्यूज़

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सुपर-स्पेशियलिटी चिकित्सकों को नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस (एनपीए) प्रदान करने की घोषणा की है।

यह घोषणा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। पिछले साढ़े तीन वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

अपील वन विभाग ने लोगों और होटल कारोबारियों से की सतर्कता बरतने की अपील

डलहौजी में बढ़ी काले भालुओं की आवाजाही

मंजूर पठान | चंबा
समर न्यूज़



चंबा जिले की प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए देश-विदेश में पहचान रखती है। इन दिनों क्षेत्र के कई इलाकों में ब्लैक बियर (काला भालू) की बढ़ती मौजूदगी चिंता का विषय बन रही है।

वन विभाग के अनुसार, जंगलों से निकलकर रिहायशी क्षेत्रों में पहुंच रहे ब्लैक बियर का मुख्य कारण खुले में फेंका जा रहा खाद्य अपशिष्ट और अन्य वेस्ट मटेरियल है। विभाग का कहना है कि होटलों, ढाबों और घरों के आसपास खुले में पड़ा कचरा भालुओं को आकर्षित करता है, जिससे उनके आबादी वाले क्षेत्रों में आने की घटनाएं बढ़ रही हैं। कई बार ऐसी परिस्थितियों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति भी पैदा हो जाती है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों की सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। इसी को देखते हुए वन विभाग ने लोगों से सतर्कता बरतने और कचरे के उचित निस्तारण की अपील की है। वन मंडल डलहौजी के डीएफओ रजनीश महाजन ने बताया कि ब्लैक बियर सामान्यतः जंगलों में ही रहते हैं, लेकिन जब उन्हें वहां पर्याप्त भोजन नहीं मिलता या फिर रिहायशी क्षेत्रों में खाने की आसान उपलब्धता दिखाई देती है, तो वे आबादी की ओर रुख कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि होटलों और घरों से निकलने वाला खाद्य अपशिष्ट यदि खुले में छोड़ दिया जाए तो उसकी गंध भालुओं को आकर्षित करती है।

यही वजह है कि हाल के दिनों में डलहौजी और आसपास के क्षेत्रों में ब्लैक बियर के देखे जाने की घटनाएं सामने आई हैं। डीएफओ ने होटल संचालकों, स्थानीय निवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे वेस्ट मटेरियल को खुले में फेंकने के बजाय वैज्ञानिक तरीके से कंपोस्ट करें और कचरे का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में बनाए रखने और मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए जनसहयोग बेहद आवश्यक है।

तस्वीरों में सिमटीं राइजिंग पंजाब कॉन्क्लेव 2026 की सुनहरी यादें































ईरान और अमेरिका में पीस डील के बावजूद इजराइल का लेबनान पर हमला, 18 की मौत

दक्षिणी व पूर्वी लेबनान में हमलेः दर्जनों हिजबुल्लाह लड़ाकों को मारने का दावा, लेबनान ने 4 इजराइली सैनिक मारे

एजेंसी। वॉशिंगटन डीसी/तेहरान



ईरान-अमेरिका के बीच गुरुवार रात पीस पर दस्तखत हुए। इसके एक दिन बाद इजराइल ने लेबनान पर हमला किया जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। पीस डील की शर्तों के मुताबिक इजराइल को लेबनान पर हमले रोकने थे लेकिन पीएम नेतन्याहू ने इससे इन्कार कर दिया था।

इजराइली सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने गुरुवार रात से अब तक दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में 80 से ज्यादा ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं, जिनमें हिजबुल्लाह के दर्जनों लड़ाके मारे गए हैं।

दूसरी ओर हिजबुल्लाह के हमले में दक्षिणी लेबनान में 4 इजराइली सैनिकों की मौत हो गई है। इससे नाराज होकर इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने तीखा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पूरा लेबनान जलना चाहिए। आज अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में बातचीत होनी थी जो रद्द हो गई है। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस के मुताबिक, इसकी वजह इजराइल के लेबनान पर लगातार हमला हो सकता है। सीएनएन ने भी एक डिप्लोमैट के हवाले से बताया कि ईरान ने कहा है कि अमेरिका पहले लेबनान पर हमले रुकने की गारंटी दे, तभी आगे की बातचीत होगी। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने एक बार फिर साफ किया है कि इजराइली सेना दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि भूमध्यसागर तट से लेकर ब्यूफोर्ट की पहाड़ियों तक बनाए गए तथाकथित सिक्योरिटी जोन में सैनिकों की तैनाती जारी रहेगी। आईडीएफ पर एक पोस्ट में हाल में दक्षिणी लेबनान में मारे गए चार इजराइली सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए काट्ज ने कहा, "हम अपने सैनिकों और नागरिकों को नुकसान नहीं होने देंगे। हिजबुल्लाह की ओर से युद्धविराम का कोई भी उल्लंघन हुआ, तो उसका जवाब पूरी ताकत से दिया जाएगा।

इजराइली सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने गुरुवार रात से दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में 80 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए, जिनमें हिजबुल्लाह के दर्जनों लड़ाके मारे गए। आईडीएफ के मुताबिक, नबातियेह और दक्षिणी लेबनान के अन्य इलाकों में हिजबुल्लाह के कमांड सेंटर, रॉकेट लॉन्चर और अन्य सैन्य ढांचों को निशाना बनाया गया।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- इजराइल अलग-थलग पड़ा, कोई भी उन्हें पसंद नहीं करता

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ हुए समझौते की आलोचना कर रहे इजराइली नेताओं पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस डील का विरोध कर रहे हैं, उन्हें जमीनी हकीकत को समझना चाहिए। वेंस ने कहा कि अगर वह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार का हिस्सा होते, तो दुनिया में अपने सबसे बड़े और ताकतवर सहयोगी अमेरिका पर इस तरह सवाल नहीं उठाते। वेंस ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में डोनाल्ड ट्रम्प ही ऐसे नेता हैं जो इजराइल के प्रति सबसे ज्यादा सहानुभूति रखते हैं। उन्होंने इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर और वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच की आलोचना करते हुए कहा कि सिर्फ सैन्य कार्रवाई से हर समस्या का समाधान नहीं निकाला जा सकता।

श्रीसंत बोले- इंडिया को कोच नहीं, धोनी जैसा मेंटर चाहिए

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व भारतीय पेसर एस श्रीसंत ने टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि इंडिया को ट्रेडिशनल कोच नहीं, बल्कि एमएस धोनी जैसे मेंटर की जरूरत है।

43 साल के श्रीसंत ने कहा- कोच बदल दीजिए। भारत को कोच नहीं, मेंटर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों पर ज्यादा दबाव बनाने के बजाय मार्गदर्शन और भरोसा देने वाला नेतृत्व टीम के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। श्रीसंत ने भारतीय टेस्ट टीम के हालिया प्रदर्शन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली सीरीज हार पर गंभीर की कोचिंग शैली पर आपत्ति जताई।

भारतीय टीम पिछले साल अपने घर में साउथ अफ्रीका से 2-0 से हार गई थी। श्रीसंत ने कहा कि टीम के साथ बड़े भाई जैसा रिश्ता होना चाहिए। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय टीम की कई सफलताओं के पीछे उनकी सोच और नेतृत्व शैली रही है।

ईरान यात्राओं पर लगी रोक की फीफा से शिकायत करेगा

एजेंसी। तेहरान

ईरान के फुटबॉल फेडरेशन ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के दौरान सह-मेजबान अमेरिका द्वारा ईरान टीम पर लगाई गई यात्रा पाबंदियों पर निराशा जताई है। इस मामले पर गवर्निंग बॉडी ने फीफा में आधिकारिक तौर पर शिकायत करने का फैसला किया है। ईरान के खिलाड़ियों को मैच से एक दिन पहले ही अमेरिका आने की इजाजत है। उन्हें अपने वीजा की शर्तों के तहत मैच वाले दिन ही देश छोड़ना होगा।

ये शर्त ईरान के बेल्जियम खिलाफ होने वाले अगले मैच में घातक हो सकता है। ईरान के फुटबॉल फेडरेशन ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि हमारा मानना है कि इस तरह की पाबंदियां सभी हिस्सा लेने वाली टीमों को बराबर माहौल देने के नियम के खिलाफ हैं और टीमों की तैयारी की प्रक्रिया पर बुरा असर डाल सकती हैं। फेडरेशन आधिकारिक तौर पर अपनी नाराजगी जाहिर करेगा और सही तरीकों से फीफा में आधिकारिक तौर पर फीफा से शिकायत करेगा। फेडरेशन ने कहा कि इन दिक्कतों के बावजूद, ईरान की नेशनल टीम अपनी तैयारी जारी रखेगी और बेल्जियम के खिलाफ अपने आने वाले मैच पर पूरा फोकस रखेगी। इससे पहले, ईरान के कोच आमिर घालेनोई ने कहा था कि लॉस एंजिल्स में न्यूजीलैंड के साथ अपने शुरुआती गेम में 2-2 से ड्रॉ के बाद वे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा दबाव में हैं।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में घालेनोई ने कहा था, हमारी टीम को अचानक बताया गया कि उन्हें लॉस एंजिल्स में मैच के तुरंत बाद मेक्सिको लौटना होगा। हमें प्लेन में बैठकर तिजुआना में अपने कैंप में लौटने के लिए कहा गया है, और हम इससे सच में परेशान हैं।

वे हमें जल्दी वापस जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। वे हालात को और मुश्किल बना रहे हैं, और मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं, लेकिन हम इसे अपना बेस्ट करने से रोकने नहीं देंगे। कोच ने कहा था, "हमें गेम से दो रात पहले पहुंचना था, लेकिन हमें इसकी इजाजत नहीं थी। मुझे लगता है कि हमारी टीम पूरे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा दबाव में है। हमारा फेडरेशन यहां नहीं है, हमारा मीडिया यहां नहीं है।

भारतीय टीम को लगा बड़ा झटका श्रेयंका टी-20 विश्वकप से बाहर

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम की स्टार स्पिन गेंदबाज श्रेयंका पाटिल टखने की चोट की वजह से महिला टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गई हैं। श्रेयंका को यह चोट बुधवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान लगी थी।

श्रेयंका को चोटिल होने के बाद स्ट्रेचर की मदद से मैदान से बाहर ले जाना पड़ा था। नीदरलैंड्स के खिलाफ पावरप्ले का आखिरी ओवर डालते हुए श्रेयंका का टखना बुरी तरह से मुड़ गया था और उन्हें तुरंत ग्राउंड छोड़कर जाना पड़ा था। श्रेयंका इसके बाद मैच में दोबारा गेंदबाजी करने के लिए नहीं लौट सकी थीं। 'क्रिकबज' की रिपोर्ट के अनुसार, श्रेयंका के विश्व कप से बाहर होने के बाद उनकी जगह पर 24 वर्षीय लेग स्पिनर प्रेमा रावत को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। प्रेमा महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से पिछले दो सीजन में छह मैच खेल चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने 3 विकेट चटकाए हैं। घरेलू क्रिकेट में प्रेमा रावत ने उत्तराखंड को सीनियर चैंपियनशिप जिताने में गेंद से अहम योगदान दिया था। भारतीय टीम का प्रदर्शन टी20 विश्व कप में अब तक शानदार रहा है। पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 64 रनों से हराया था। वहीं, दूसरे मुकाबले में टीम ने नीदरलैंड्स को 95 रनों से रौंदा था।

भारतीय टीम ने नीदरलैंड्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर स्कोबोर्ड पर 209 रन लगाए थे। टीम की ओर से स्मृति मंधाना ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों में 74 रनों की दमदार पारी खेली थी। वहीं शेफाली वर्मा ने 38 गेंदों में 55 रनों का योगदान दिया था। गेंदबाजी में भारत की तरफ से श्री चरणी ने 19 रन देकर 4 विकेट चटकाए थे, जबकि शेफाली वर्मा ने 3 विकेट अपने नाम किए थे।

न ऑफिस, न मीटिंग, कॉल और चैट से चल रही 'कॉकरोच जनता पार्टी'

नेपाल-बांग्लादेश जैसे हालात से तुलना पर संगठन का जवाब, सीजेपी का दावा-ग्राउंड स्ट्रक्चर नहीं, सिर्फ ऑनलाइन नेटवर्क

एजेंसी। नई दिल्ली

राजनीतिक गलियारों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इन दिनों एक नई और विवादित चर्चा वाली इकाई कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) सुर्खियों में है। संगठन के संचालन को लेकर जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार इसका कोई पारंपरिक कार्यालय नहीं है, न ही नियमित मीटिंग होती हैं। पूरी गतिविधि कथित तौर पर कॉल, चैट ग्रुप और ऑनलाइन नेटवर्क के जरिए संचालित की जाती है।

इस अनोखे संगठनात्मक ढांचे ने राजनीतिक विश्लेषकों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का ध्यान खींचा है, क्योंकि यह पारंपरिक राजनीतिक दलों से बिल्कुल अलग मॉडल पर काम करने का दावा करता है। सूत्रों और सार्वजनिक बयानों के अनुसार, कॉकरोच जनता पार्टी का ढांचा किसी फिजिकल हेडक्वार्टर या जिला-स्तरीय कार्यालयों पर आधारित नहीं है। इसके बजाय, निर्णय प्रक्रिया डिजिटल कम्युनिकेशन टूल्स जैसे मैसेजिंग ऐप्स, कॉल कॉन्फ्रेंस और ऑनलाइन ग्रुप्स के माध्यम से होती है। संगठन से जुड़े लोगों का दावा है कि यह मॉडल "तेज, कम खर्चीला और कम जटिल" है, जिससे बड़े स्तर पर बैठकों और प्रशासनिक औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं रहती।

▪ **नेपाल-बांग्लादेश जैसे हालात नहीं होंगेः** संगठन से जुड़े एक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा है कि उनकी गतिविधियों की तुलना नेपाल या बांग्लादेश जैसे राजनीतिक आंदोलनों या अस्थिरताओं से नहीं की जानी चाहिए। उनका कहना है कि सीजेपी का उद्देश्य किसी तरह की अराजकता या सत्ता-विरोधी



आंदोलन खड़ा करना नहीं है, बल्कि एक वैकल्पिक राजनीतिक संवाद मंच तैयार करना है। हालांकि, इस बयान के बाद भी राजनीतिक हलकों में संगठन की वास्तविक प्रकृति और उद्देश्य को लेकर सवाल बने हुए हैं।

▪ **कॉकरोच जनता पार्टी नाम पर विवादः** संगठन के नाम को लेकर भी सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कॉकरोच शब्द के उपयोग को कुछ लोग प्रतीकात्मक बता रहे हैं, जो संगठन की टिकाऊ और हर परिस्थिति में जीवित रहने वाली छवि को दर्शाने का दावा करता है। वहीं आलोचकों का कहना है कि इस तरह का नाम राजनीतिक गंभीरता के बजाय भ्रम पैदा करता है और इसे किसी ठोस विचारधारा से जोड़ना मुश्किल है।

▪ **कोई औपचारिक ढांचा नहींः** राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, किसी भी संगठन के लिए पारंपरिक ढांचा जैसे सदस्यता प्रणाली, कार्यालय, नेतृत्व संरचना और औपचारिक निर्णय प्रक्रिया महत्वपूर्ण होता है, लेकिन सीजेपी के मामले में इन सभी तत्वों की अनुपस्थिति इसे एक हाइब्रिड डिजिटल नेटवर्क जैसा बनाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के मॉडल पारदर्शिता और जवाबदेही के सवाल भी उठाते हैं, क्योंकि निर्णय प्रक्रिया और नेतृत्व संरचना स्पष्ट नहीं होती।

▪ **सोशल मीडिया आधारित विस्तारः** सीजेपी की गतिविधियों का बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर केंद्रित बताया जा रहा है। यहां विचार साझा किए जाते हैं, चर्चाएं होती हैं और कथित तौर पर रणनीति भी तैयार की जाती है। इस तरह का मॉडल युवा वर्ग को आकर्षित कर सकता है, लेकिन इसके दीर्घकालिक राजनीतिक प्रभाव और स्थायित्व को लेकर विशेषज्ञ संशय में हैं।

▪ **राजनीतिक प्रतिक्रिया और संदेहः** मुख्यधारा के राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह संगठन अभी परिभाषित चरण में नहीं है। कुछ लोग इसे एक डिजिटल प्रयोग मानते हैं, जबकि कुछ इसे वैचारिक आंदोलन का शुरुआती रूप बता रहे हैं। हालांकि, बिना स्पष्ट ढांचे और औपचारिक पंजीकरण के इसकी राजनीतिक वैधता और प्रभाव को लेकर स्पष्टता नहीं है।

कॉकरोच जनता पार्टी का मॉडल पारंपरिक राजनीति से अलग एक डिजिटल-आधारित प्रयोग के रूप में सामने आ रहा है। न ऑफिस, न नियमित बैठकें और न ही स्पष्ट संगठनात्मक ढांचा इसे एक अनोखा लेकिन विवादित प्रयोग बनाते हैं। फिलहाल, इसके उद्देश्यों और भविष्य की दिशा को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह निश्चित है कि यह मॉडल राजनीतिक संगठन की पारंपरिक परिभाषा को चुनौती दे रहा है।

पिता हैं बीमार, फिर भी देश के लिए खुद को मैदान पर झोंक रहे लियोनेल मेसी

एजेंसी। नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज अर्जेंटीना ने धमाकेदार जीत के साथ किया है। अल्जीरिया के खिलाफ खेले गए मुकाबले में मेसी ने तीन गोल दागते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

हालांकि, मैदान पर अपने खेल से हर किसी का दिल जीत रहे मेसी अंदर से बेहद परेशान हैं। मेसी के पिता जॉर्ज मेसी बीमार हैं और वह स्वास्थ्य संबंधी समस्या से लड़ाई लड़ रहे हैं। यही वजह है कि अल्जीरिया के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पहला गोल करने के बाद मेसी भावुक भी हो गए थे। सोशल



मीडिया पर मेसी के पिता को लेकर चल रही तमाम तरह की अटकलों और अफवाहों के बीच उनके परिवार का बयान सामने आया है। मेसी के परिवार ने इस मुश्किल समय में गोपनीयता का सम्मान करने की अपील की है। इसके साथ ही परिवार ने बताया है कि मेसी के पिता बीमार हैं, लेकिन उनकी हेल्थ में लगातार सुधार हो रहा है। परिवार ने इसके साथ ही मेसी के पिता को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों पर नाराजगी भी जाहिर की है। परिवार ने बताया कि डॉक्टरों की देखरेख में जॉर्ज मेसी का इलाज चल रहा है। परिवार ने बयान में कहा कि जॉर्ज मेसी स्वास्थ्य संबंधी स्थिति से उबर रहे हैं। वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है।

परिवार ने मेसी के पिता को लेकर किसी भी तरह की अफवाह न उड़ाने की भी अपील की। परिवार ने साफ किया कि जॉर्ज मेसी की हेल्थ को लेकर उनके द्वारा दी गई जानकारी को ही सही माना जाए और तमाम तरह की रिपोर्ट्स पर भरोसा न जताया जाए।

आईफोन समेत एपल के प्रोडक्ट्स महंगे होंगे

एजेंसी। न्यूयॉर्क

टेक कंपनी एपल जल्द ही आईफोन और अपने अन्य प्रोडक्ट्स की कीमतें बढ़ा सकती है। कंपनी के सीईओ टिम कुक ने 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि 'दुनियाभर में चल रही मेमोरी और स्टोरेज चिप की कमी के कारण कंपोनेंट्स की लागत बहुत बढ़ गई है।

एपल अभी तक उन कंपनियों में से एक थी, जिसने मेमोरी संकट के बावजूद लॉन्चिंग के बाद अपने स्मार्टफोन की कीमतें नहीं बढ़ाई थीं। अब तक कंपनी बढ़ी हुई लागत का बोझ खुद उठा रही थी, लेकिन सप्लायर्स की तरफ से बढ़ते दबाव के कारण कीमतें बढ़ाना मजबूरी हो गया है।

एफआईएच प्रो लीगः आखिरी पलों में टूटा भारत का सपना, जर्मनी ने 2-1 से हराया

एजेंसी। रॉटरडैम

भारतीय मेंस हॉकी टीम को एफआईएच (इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन) प्रो लीग 2025-26 के अपने तीसरे मुकाबले में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने जर्मनी को कड़ी टक्कर दी।

अंतिम क्षणों में किए गए गोल की बदौलत जर्मनी जीत दर्ज करने में सफल रही। अपना 100वां इंटरनेशनल मुकाबला खेल रहे जुगराज सिंह ने मैच के 38वें मैच में भारत की ओर से एकमात्र गोल किया, हालांकि जर्मनी की तरफ से



जस्टस वीगैंड ने 56वें और जैकब ब्रिला ने 60वें मिनट में जर्मनी की ओर से गोल दागा। भारत ने मैच की शुरुआत काफी आक्रामक अंदाज में की। टीम ने शुरुआती मिनटों में गेंद पर अच्छा नियंत्रण रखा और जर्मनी पर दबाव बनाने की कोशिश की। मजबूत और कॉम्पैक्ट डिफेंस के चलते भारत ने वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को ज्यादा मौके नहीं बनाने दिए। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने हाई प्रेसिंग गेम खेलते हुए अपनी तीव्रता को बढ़ाया। इस दबाव के कारण जर्मनी से कुछ गलतियां भी हुईं। भारत के लिए सबसे अच्छा मौका अभिषेक ने पहले हाफ के दौरान बनाया, लेकिन वह उसे गोल में तब्दील नहीं कर सके।

जुगराज ने जबरदस्त ड्रैग-फ्लिक के दम पर भारत को मैच में 1-0 की बढ़त दिलाई। मैच के अंतिम पलों में जर्मनी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसका फायदा उठाते हुए जैकब ब्रिला ने मैच के 60वें मिनट में गोल करते हुए जर्मनी की 2-1 से जीत पक्की कर दी। भारतीय टीम अपने अगले मुकाबले में रविवार को नीदरलैंड्स से भिड़ेगी।

टाटा मोटर्स की गाड़ियां 1-जुलाई से महंगी होंगी

एजेंसी। नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने अपने कॉमर्शियल व्हीकल्स की कीमतों में 2.5% तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। नई दरें 1 जुलाई से लागू हो जाएंगी। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनी की तरफ से कीमतों में की गई यह दूसरी बढ़ोतरी है।

कंपनी ने बताया कि कमोडिटी की बढ़ती कीमतों और अन्य इनपुट कॉस्ट के असर को कम करने के लिए यह कदम उठाना पड़ रहा है। कीमतों में यह इजाफा अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के आधार पर अलग-अलग होगा।

सवाल कक्षा 1 से 8 तक की पुस्तकों में गंभीर तथ्यात्मक और वैज्ञानिक गलतियां सामने आईं, शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर उठे सवाल

ओडिशा की स्कूली किताबों में 1678 त्रुटियां उजागर, न्यूटन को बताया महान पायलट

एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा में कक्षा 1 से 8 तक की स्कूली पाठ्यपुस्तकों में बड़ी संख्या में त्रुटियां सामने आने के बाद शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालिया समीक्षा रिपोर्ट और विशेषज्ञों के आकलन के अनुसार इन पुस्तकों में कुल 1678 गलतियां पाई गई हैं, जिनमें वैज्ञानिक तथ्यों से लेकर ऐतिहासिक जानकारी तक कई गंभीर अशुद्धियां शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार विज्ञान की किताबों में सबसे चिंताजनक गलतियों में से एक यह है कि प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर आइजैक न्यूटन को "महान पायलट" के रूप में वर्णित किया गया है। यह तथ्य न केवल गलत है, बल्कि बच्चों की वैज्ञानिक समझ को भी भ्रमित कर सकता है। इसी तरह अन्य विज्ञान और सामान्य ज्ञान के अध्यायों में भी कई अवधारणात्मक त्रुटियां पाई गई हैं,



जिनमें परिभाषाओं और चित्रों का गलत मिलान शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की गलतियां छात्रों के बुनियादी ज्ञान को कमजोर कर सकती हैं।

▪ **इतिहास और संस्कृति में भी गड़बड़ीः** रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि इतिहास और कला-संस्कृति से जुड़े पाठों में गंभीर तथ्यात्मक गलतियां हैं। एक उदाहरण में कर्नाटक के प्रसिद्ध हम्पी मंदिर को गलत तरीके से ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर के रूप में दर्शाया गया है। यह गलती न केवल भौगोलिक और ऐतिहासिक दृष्टि से गलत है, बल्कि यह छात्रों में भारत की सांस्कृतिक विरासत को लेकर भ्रम भी पैदा कर सकती है। हम्पी और कोणार्क दोनों ही यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं, लेकिन दोनों का इतिहास, स्थापत्य और स्थान पूरी तरह अलग है।

▪ **1678 गलतियों की व्यापकता** शिक्षा विभाग से जुड़ी समीक्षा में यह पाया गया कि किताबों में कुल 1678 त्रुटियां विभिन्न स्तरों पर मौजूद हैं। इनमें वर्तनी की गलतियां, तथ्यात्मक त्रुटियां, चित्रों की गलत लेबलिंग और अनुवाद संबंधी गलतियां शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में गलतियां यह दर्शाती हैं कि पाठ्यपुस्तक निर्माण और संपादन प्रक्रिया में गंभीर खामियां हैं। कई मामलों में किताबों को अंतिम रूप देने से पहले पर्याप्त तथ्य-जांच नहीं की गई।

▪ **शिक्षा विशेषज्ञों की चिंताः** शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की शिक्षा में इस तरह की गलतियां बच्चों की नींव को प्रभावित कर सकती हैं। खासकर कक्षा 1 से 8 तक के छात्र जब पहली बार विज्ञान, इतिहास और भूगोल से परिचित होते हैं, तो गलत जानकारी उनके दीर्घकालिक ज्ञान पर असर डाल सकती है। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि पाठ्यपुस्तकों की तैयारी में विश्वविद्यालय स्तर के विशेषज्ञों, विषय विशेषज्ञों और स्वतंत्र समीक्षकों को शामिल किया जाना चाहिए ताकि ऐसी गलतियों को रोका जा सके।

▪ **सरकार और विभागीय प्रतिक्रियाः** शिक्षा विभाग की ओर से संकेत मिले हैं कि इन त्रुटियों की समीक्षा की जा रही है और जल्द ही संशोधित संस्करण जारी किए जा सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि कुछ गलतियां प्रिंटिंग और अनुवाद प्रक्रिया में हुई तकनीकी भूलों का परिणाम हो सकती हैं, जिन्हें सुधारने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि, विपक्ष और शिक्षा कार्यकर्ताओं ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। गलतियां शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता व निगरानी तंत्र पर सवाल खड़े करती हैं।

कनाडा व कतर के मैच के बाद मैदान पर भिड़े टीमों के खिलाड़ी

एजेंसी। नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में कनाडा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कतर को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से हराया। वैंकूवर के बीसी प्लेस स्टेडियम में कनाडा टीम का प्रदर्शन दमदार रहा। हालांकि, मैच के आखिरी सीटी बजने के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान पर झड़प देखने को मिली।

यह झड़प मैच खत्म होने के तुरंत बाद शुरू हुई। मैच के बाद कनाडा के मुख्य कोच जेसी मार्श कतर के मैनेजर जूलन लोपेटेगुई से हैंडशेक करने पहुंचे, लेकिन इसी दौरान दोनों के बीच बहस हो गई। कनाडा के कोच का बेरुखी भरा बर्ताव बेंच पर बैठे कतर के खिलाड़ियों को रास नहीं आया। इसके बाद अचानक से दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई,जो धक्का-मुक्की में तब्दील हो गई। सुरक्षाकर्मियों की मदद से दोनों टीमों के खिलाड़ियों को अलग किया गया। माना जा रहा है कि कनाडा के खिलाड़ी टीम के मिडफील्डर इस्माइल कोन को कतर के प्लेयर असिम मदीबो द्वारा चोटिल किए जाने से काफी गुस्से में थे। इसी से यह पूरा विवाद शुरू हुआ, जो धक्का-मुक्की तक जा पहुंचा।

दूसरे हाफ की शुरुआत में असिम मदीबो के खतरनाक टैकल पर इस्माइल कोन बुरी तरह से चोटिल हुए और उन्हें स्ट्रेचर की मदद से मैदान से बाहर लेकर जाना पड़ा। हालांकि, रेफरी ने इस टैकल के चलते असिम मदीबो को सीधा रेड कार्ड दिखाते हुए मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया। इस्माइल कोन के स्थान पर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर मैदान पर आए जैकब शैफेलबर्ग गोल करने के बाद इस्माइल की जर्सी को हवा में लहराते हुए नजर आए।

‘द समर न्यूज़’ के राइजिंग पंजाब कॉन्क्लेव में अतिथियों को किया सन्मानित



स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह को सम्मानित करते हुए।



प्रैसीडेट यूसीपीएमए हरसिमरजीत सिंह लक्की को सम्मानित करते हुए।



प्रैसिडेंट सीसू उपकार सिंह आहुजा को सम्मानित करते हुए।



प्रेसिडेंट वर्ल्ड एमएसएमई बदीश जिंदल को सम्मानित करते हुए।



चेयरमैन फिक्को के के सेठ को सम्मानित करते हुए।



फर्म ओरगनाइजिंग सैक्टरी फिक्को हर्शप्रीत सिंह सैनी को सम्मानित करते हुए।



टीम इज़ी वीजा शिवांग शर्मा को सम्मानित करते हुए।



आईपीएस शतवाल को सम्मानित करते हुए।



दपिंदर कौर को सम्मानित करते हुए।



विकास गोयल विक्की, गुरप्रीत सिंह जनरल सैकटरी को सम्मानित करते हुए



फ्रूट मार्किट एसोसिशन के मनोज कुमार को सम्मानित करते हुए



सक्सेस प्रोमोज एवं इवेंट प्रा. लि. के मनीश शर्मा को सम्मानित करते हुए



रिंकल बेदी को सम्मानित करते हुए



मैंबर पंजाब टरेडर कमीशन नीतिश मल्होत्रा को सम्मानित करते हुए



ग्रेड कमेडियन जसवंत राठौर को सम्मानित करते हुए

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155